CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:41 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:47 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 64 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 26 अगस्त 2026



बेबी नक्षत्रा के फैन हुए धनुष...पेज-3 पर

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर बनभूलपुरा में उमड़ा आस्था का सैलाब

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

सरकार की आमद मरहबा, आका की आमद मरहबा बुधवार को इन सदाओं ने बनभूलपुरा की फिजां में ऐसी मिठास घोली कि गलियां नातों की आवाज, रोशनी की चमक और मोहब्बत के पैगाम से जगमगा उठीं। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर निकला भव्य जुलूस देखते ही देखते जनसैलाब में तब्दील हो गया। हजारों लोग नात-ए-पाक पढ़ते और हुजूर पैगंबर मोहम्मद साहब की शान में सदाएं बुलंद करते हुए आगे बढ़े। जुलूस में जहां धार्मिक उल्लास नजर आया, वहीं अमन, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम भी गूंजता रहा।



बुधवार सुबह से ही मुजाहिद चौक पर लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। कुछ ही देर में चौक लोगों से भर गया। इसके बाद जुलूस की शक्ल में कारवां इंदिरानगर बड़ी रोड से छोटी रोड, लाइन नंबर 12 और 16 होते हुए ईदगाह पहुंचा। यहां से जमा मस्जिद के सामने से गुजरता हुआ जुलूस किदवई नगर पहुंचा, लाइन नंबर 17 स्थित मुजाहिद चौक पर दुआ और सलाम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। जुलूस के दौरान नात-ए-पाक की सदाओं से माहौल भक्तिमय बना रहा। बुजुर्गों से लेकर युवा और बच्चे तक उत्साह के साथ जुलूस में शामिल हुए। जुलूस के रास्ते में जगह-जगह लोगों ने स्वागत स्टॉल लगाए। जुलूस में शामिल लोगों को फल, पानी और अन्य खाद्य सामग्री वितरित की गई। राहगीरों और जुलूस में शामिल लोगों के बीच यह मेहमाननवाजी पूरे आयोजन की खूबसूरत तस्वीर बन गई। चेहरे पर मुस्कान और जुबां पर नात—पूरा माहौल मोहब्बत के रंग में रंगा नजर आया। उधर किदवई नगर में जुलूस के समापन के दौरान मौलानाओं ने देश और प्रदेश में अमन-चैन, खुशहाली, भाईचारे और आपसी सौहार्द की दुआ कराई। हजारों लोगों ने एक साथ हाथ उठाकर मुल्क की तरक्की और समाज में शांति कायम रहने की दुआ मांगी। बनभूलपुरा क्षेत्र को आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया गया। शाम ढलते ही पूरा इलाका दूधिया रोशनी में नहा उठा। सजी गलियां और रोशन रास्ते त्योहार की रौनक को कई गुना बढ़ाते नजर आए।

जुलूस में समाजवादी पार्टी नेता हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी, विधायक सुमित हृदयेश, ललित जोशी, मजहर नवाब, नईम सहित बड़ी संख्या में राजनीतिक और सामाजिक लोग शामिल हुए। लोगों ने एक-दूसरे को जश्ने ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी और आयोजन की सफलता की कामना की।

### चप्पे-चप्पे पर पुलिस व्यवस्था पर रही पैनी नजर

जुलूस को लेकर पुलिस-प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट रहा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मार्ग में जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया। अधिकारियों ने जुलूस के पूरे मार्ग पर नजर रखी, ताकि आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

## News कॉर्नर

### प्रेमी की मौत के बाद प्रेमिका कमरे में फंदे से झूली

**नैनीताल।** एक युवक की संदिग्ध आत्महत्या के कुछ ही दिन बाद उसकी 16 वर्षीय कथित प्रेमिका की मौत ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। काठगोदाम थाना क्षेत्र के वाटिका एंक्लेव स्थित एक कारोबारी की कोठी के कमरे में किशोरी का शव फंदे से लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत से जोड़कर देख रही पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि किशोरी प्रियांशी का पीलीभीत निवासी 25 वर्षीय विकास से कथित प्रेम संबंध था। विकास हल्द्वानी के भगवानपुर क्षेत्र में राजमिस्त्री का काम करता था। कुछ दिन पहले ही उसका शव एक निर्माणाधीन मकान में फंदे से लटका मिला था। उस मामले में भी मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ था। बताया जा रहा है कि सोमवार को प्रियांशी को विकास की मौत की जानकारी मिली थी। इसके बाद वह काफी परेशान और सदमे में बताई जा रही थी। शाम के समय उसने वाटिका एंक्लेव स्थित कोठी के एक कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। किशोरी के इस कदम की खबर मिलते ही आसपास के क्षेत्र में भी सनसनी फैल गई।

कई गांव और हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट बहे

# तिब्बत में फटे ग्लेशियर से नेपाल में तबाही, कई लापता


नई दिल्ली

एजेंसी

उत्तरी नेपाल के रसुवा जिले में भोटे कोशी नदी में अचानक बाढ़ से भारी तबाही हुई। तिमुरे और स्याब्रुबेसी में घर, वाहन और पुल बह गए। एपीएफ के चार जवान और सीमा शुल्क कार्यालय के 14 कर्मचारी लापता हैं।

बाढ़ से 15 हाइड्रोपावर परियोजनाएं प्रभावित हुई हैं। उत्तरी नेपाल की भोटे कोशी नदी में बुधवार को अचानक बाढ़ आ गई। जिससे तिब्बत सीमा के पास रसुवा जिले के कुछ हिस्से तबाह हो गए और घरों, गाड़ियों, पुलों और बुनियादी ढांचे के परियोजनाओं को नुकसान पहुंचा। यह जानकारी अधिकारियों ने दी है। स्थानीय मीडिया के अनुसार बाढ़ में हजारों लोग लापता हैं। जिसके बारे में कई जानकारी नहीं है।

उत्तरी रसुवा में एक सीमा चौकी पर तैनात नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) के चार जवान अचानक आई बाढ़ के कारण लापता हो गए हैं। इसके अलावा, स्थानीय मीडिया में के अनुसार, रसुवा सीमा शुल्क कार्यालय के 14 कर्मचारी भी संपर्क से बाहर हैं। नेपाल के स्वतंत्र विद्युत उत्पादक संघ



के अनुसार, बाढ़ से 15 हाइड्रो पावर परियोजनाएं प्रभावित हुई हैं। इनमें से 10 चालू हैं और पांच निर्माणाधीन हैं।

नदी में अचानक जलस्तर बढ़ने की सूचना स्थानीय समयानुसार सुबह करीब नौ बजे मिली। अधिकारियों का कहना है कि बाढ़ का पानी तिब्बत की ओर से आया प्रतीत होता है। सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों में तिमुरे और स्याब्रुबेसी की सीमावर्ती बस्तियां शामिल हैं। अधिकारियों ने अभी तक विनाश की पूरी सीमा का पता नहीं लगाया है और न ही हताहतों की पुष्टि की है। क्योंकि आकलन दल अभी भी प्रभावित क्षेत्रों से जानकारी एकत्र कर रहे हैं। रसुवा जिले के प्रशासन नरेंद्र परियार ने रॉयटर्स को बताया,' हमें गांवों और बुनियादी ढांचा परियोजना स्थलों के बह जाने की खबरें मिली हैं। उन्होंने आगे कहा, 'भारी जानमाल का नुकसान हो सकता है। लेकिन मैं अभी निश्चित रूप से कुछ नहीं कह सकता।

नेपाल सेना ने कहा कि बाढ़ के कारण तिमुरे और स्याब्रुबेसी क्षेत्र में व्यापक तबाही हुई है, जिसमें वाहन, व्यावसायिक सामान और अन्य संपत्ति पानी में बह गई है। रसुआ के मुख्य सीमा शुल्क अधिकारी राजेंद्र ढुंगाना ने बताया कि सीमा शुल्क परिसर में रखे कई वाहन और सामान बह गए। हाल ही में निर्मित एक पुल भी नष्ट हो गया। काठमांडू से लगभग 125 किलोमीटर दूर स्थित और तिब्बत से सटे पहाड़ी जिले रसुवा की आबादी लगभग 50,000 है।

# शिक्षा, संगठन और संघर्ष के संदेश से गूंजा हल्द्वानी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

दलित पुनर्जागरण के अग्रदूत और बहुजन नायक राय बहादुर मुंशी हरि प्रसाद टम्टा की 139वीं जयंती पर बुधवार को तिकोनिया स्थित मुंशी हरि प्रसाद टम्टा पार्क में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके संघर्षों और सामाजिक योगदान को याद किया।

कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट गंगा प्रसाद ने किया। वक्ताओं ने कहा कि 26 अगस्त 1887 को अल्मोड़ा के एक गरीब शिल्पकार परिवार में जन्मे मुंशी हरि प्रसाद टम्टा ने उस दौर में समाज को नई दिशा देने का काम किया, जब शिल्पकार समाज सामाजिक भेदभाव और बेगार जैसी कुप्रथाओं से जूझ रहा था। उन्होंने शिक्षा को मुक्ति, संगठन को ताकत और संघर्ष को बदलाव का माध्यम बनाया। वक्ताओं ने उनके ऐतिहासिक योगदानों को याद करते हुए बताया कि वर्ष 1905 में टम्टा सुधार सभा और बाद में कुमाऊं शिल्पकार सभा की स्थापना कर उन्होंने समाज को संगठित किया। शिल्पकार शब्द को सामाजिक पहचान दिलाने के साथ ही उन्होंने बेगार प्रथा के खिलाफ भी आवाज बुलंद की। सभा में यह भी बताया गया कि वर्ष 1920 में उन्होंने कुमाऊं की पहली मोटर ट्रांसपोर्ट कंपनी 'हिल मोटर्स ट्रांसपोर्ट कंपनी' की स्थापना की। अल्मोड़ा म्युनिसिपल बोर्ड में शिल्पकार समाज को प्रतिनिधित्व दिलाना भी उनके संघर्षों की महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। वक्ताओं ने विशेष रूप से उस प्रसंग को याद किया, जब बोर्ड में उनके प्रवेश का विरोध हुआ और मुस्लिम समुदाय के अंसारी जी ने उनके समर्थन में हाथ उठाया था।

वक्ताओं ने कहा कि मुंशी हरि प्रसाद टम्टा का जीवन सामाजिक विषमता के बीच संघर्ष, शिक्षा और संगठन की शक्ति का उदाहरण है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के पूना पैक्ट के समर्थन में वर्ष 1931 में उनके द्वारा तार भेजे जाने का भी उल्लेख किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती राधा आर्य, हरि प्रसाद टम्टा, डॉ. प्रमोद कुमार, बीएल आर्य, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान, जीआर टम्टा, डॉ. कर्नल ज्ञान चंद, एडवोकेट संजय बगड़वाल, आरपी गंगोला, आफताब आलम, आकाश भारती, कैप्टन हरीश चंद्र, विनोद कुमार पन्नू, शुभता, दीपू, राम देवी, सुमन टम्टा, दीपक चैनियल, जितेंद्र वर्मा, आरआर आर्य, गोपाल ग्वासकोटी, जीवन चंद्र आर्य समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में शिक्षा, संगठन और संघर्ष के रास्ते पर चलने तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों और भेदभाव को समाप्त करने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

# यूकेएसएसएससीः उत्तराखंड में समूह-ग की 15 भर्तियों का कैलेंडर जारी

देहरादून

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) ने समूह-ग की 15 भर्तियों का कैलेंडर जारी कर दिया है।

अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) ने समूह-ग की 15 भर्तियों का कैलेंडर जारी कर दिया है। ये भर्तियां इसी साल निकाली जाएंगी और इनकी परीक्षाएं अगले साल 21 फरवरी तक प्रस्तावित की गई हैं। आयोग सचिव एनएस डुंगरियाल के मुताबिक, पूर्व में जारी विज्ञापन संख्या-76 के तहत पशुधन प्रसार अधिकारी भर्ती परीक्षा 20 सितंबर को, विज्ञापन संख्या-74 की सर्वेक्षक परीक्षा 20 सितंबर को, सहायक बोरिंग टेक्नीशियन, कंप्यूटर प्रोग्रामर की परीक्षा 27 सितंबर को, कनिष्ठ कैमरामैन, फोटोकॉपी मशीन ऑपरेटर, प्रोजेक्शनिस्ट, शोध अधिकारी, फोटोग्राफर की परीक्षा चार अक्तूबर को, कलाकार, मानचित्रकार, विधि सहायक की परीक्षा 11 अक्तूबर को, साहसिक खेल अधिकारी, कैमरामैन, प्राविधिक सहायक की परीक्षा 18 अक्तूबर को, लाइनमैन, मनोवैज्ञानिक, अनुदेशक की परीक्षा 25 अक्तूबर को, पर्यटन अधिकारी की एक नवंबर को होगी। विज्ञापन संख्या-79 की सहायक लेखाकार परीक्षा चार अक्तूबर को, विज्ञापन संख्या-77 की कृषि अर्हता के पदों की परीक्षा 11 अक्तूबर को, विज्ञापन संख्या-78 की कनिष्ठ सहायक, आशुलिपिक ग्रेड-1, वैयक्तिक सहायक परीक्षा 25 अक्तूबर को होगी।

# धामी कैबिनेट का फैसलाः सात हजार से अधिक कर्मी होंगे नियोजित

देहरादून

हमारे संवाददाता

धामी कैबिनेट ने उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम (उपनल) के माध्यम से विभिन्न विभागों में कार्यरत हजारों कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने वाले प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बिना स्वीकृत पदों पर काम कर रहे सात हजार से अधिक कर्मचारी नियुक्ति की तिथि से नियोजित होंगे, जबकि सेवा में व्यवधान होने पर भी उन्हें समान काम के लिए समान वेतन का लाभ मिलेगा।

सरकार ने उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम के माध्यम से लगे अब करीब सभी कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित कर दिया है। सभी को समान कार्य समान वेतन का तीन चरणों में लाभ मिलेग। विभिन्न विभागों में बिना



स्वीकृत पद के काम कर रहे सात हजार से अधिक कर्मचारी नियुक्ति की तिथि से नियोजित होंगे। वहीं, सेवा में व्यवधान है तो भी कर्मचारियों को समान काम के लिए समान वेतन मिलेगा। धामी कैबिनेट ने प्रस्ताव को मंजूरी दी है। धामी कैबिनेट में आए प्रस्ताव में कहा गया कि पहले चरण में एक जनवरी 2016 से पहले नियुक्त कर्मचारियों को एवं दूसरे चरण में एक जनवरी 2016 से 12 नवंबर 2018 तक नियोजित कर्मचारियों के समान काम के लिए समान वेतन पर विचार किया जाएगा। जिसपर कार्रवाई नौ नवंबर 2026 से होगी। जबकि तीसरे चरण में 13 नवंबर 2018 से 15 अक्तूबर 2024 तक के नियोजित कार्मिकों को समान कार्य के लिए समान वेतन दिए जाने की कार्रवाई एक अप्रैल 2027 से शुरू की जाएगी। वहीं, सैनिक कल्याण विभाग के 20 फरवरी, 2026 के शासनादेश में उल्लिखित निरंतर नियोजित शर्त को हटा दिया गया है। इससे एक जनवरी, 2016 से पहले कार्यरत उपनलकर्मी, जो अभी भी सेवारत हैं, उन्हें न्यूनतम वेतन और महंगाई भत्ते का लाभ मिलेगा। यह लाभ तीन फरवरी, 2026 के संशोधित शासनादेश के तहत दिया जाएगा। यदि किसी विभाग में सृजित, स्वीकृत पदों के विपरीत उपनल कर्मचारी कार्यरत हैं तो नियुक्ति की तिथि से उन्हें स्वीकृत पदों के सापेक्ष नियोजित माना जाएगा।

# वित्तीय जागरूकता मजबूत व आत्मनिर्भर समाज की आधारशिला: रावत

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल के वाणिज्य विभाग में आयोजित दो दिवसीय सशक्त वित्तीय रूप से जागरूक वित्तीय रूप से सशक्त अभियान का मंगलवार को समापन हुआ। समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता और विभाग के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि वित्तीय जागरूकता मजबूत और आत्मनिर्भर समाज की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। कहा कि जीवन में असफलता भी सीखने का अवसर देती है इसलि विद्यार्थियों को असफलताओं से सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने कहा कि आर्थिक रूप से सक्षम बनने के लिए आय अर्जित करने के साथ धन का सही प्रबंधन, बचत और सोच.समझकर निवेश करना भी जरूरी है। वित्तीय रूप से जागरूक युवा भविष्य में आत्मनिर्भर समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम के प्रायोजक डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने वाणिज्य विभाग से जुड़ी अपनी छात्र जीवन की स्मृतियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि वह विभाग से बीकॉम और एमकॉम में टॉपर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और निरंतर सीखने के लिए प्रेरित करते हुए बीकॉम और एमकॉम के टॉपर विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक देने की घोषणा की। वाणिज्य संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने कहा कि वित्तीय साक्षरता युवाओं को आर्थिक फैसले लेने, धन का बेहतर प्रबंधन करने और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सक्षम बनाती है। कार्यक्रम में प्रो. ललित तिवारी, प्रो. एचसीएस बिष्ट, प्रो. राजीव उपाध्याय, प्रो. लज्जा भट्ट, डॉ. अनीता पांडे, डॉ. स्पर्श भट्ट, डॉ.अशोक उप्रेती, डॉ. ममता जोशी, डॉ.जीवन उपाध्याय, डॉ. विनोद जोशी, डॉ. हिमानी जलाल, डॉ.तेज प्रकाश, डॉ. पूजा जोशी पालीवाल, डॉ. मेराज और डॉ. ताबिश,भूपाल सिंह करायत, अमनदीप कौर, डा.पंकज भट्ट,हिमांशु बिष्ट, घनश्याम पालीवाल, बिशन चंद्र व राधा समेत गुरुजन व विद्यार्थी मौजूद रहे। संचालन डॉ. रितिशा शर्मा ने किया।

### प्रतियोगिताओं के विजेता

निबंध लेखन में विधि भंडारी प्रथम, अंजलि चंद्रा द्वितीय और पूजा पांडे तृतीय रहीं। चयनिका दुमका को सांत्वना पुरस्कार मिला। पोस्टर निर्माण में रोशनी प्रथम, दिव्या द्वितीय और सागर सरकार तृतीय रहे। प्रश्नोत्तरी में दीपांशु पालीवाल, तमन्ना बाफि ला और काव्या सिंह सैनी की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। विवेक, कृष्ण चंद्र और मनकरण की टीम दूसरे तथा सोनू कुमार, दीपांशु कुमार पंत और सिमरन की टीम तीसरे स्थान पर रही। रील निर्माण में प्रियांशु आगरी प्रथम, दिव्यांका बिष्ट और विनीता मनराल की टीम द्वितीय तथा गुंजन फर्त्याल तृतीय रहीं।

### मेधावियों को सम्मान

विभाग की ओर से प्रत्येक सेमेस्टर के मेधावी विद्यार्थियों को भी सममानित किया गया। बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में 7.27 एसजीपी के साथ योगेश तिवारी, तृतीय सेमेस्टर में7.43 एसजीपी के साथ सानिया सिद्दीकी और षष्ठम सेमेस्टर में 7.74 एसजीपी के साथ संजना भगत को समानित किया गया।

## दिनेश सिंह बोरा बने ओखलकांडा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष



**धारी।** सुनकोट के पूर्व ग्राम प्रधान एवं सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश सिंह बोरा को ओखलकांडा बलॉक कांग्रेस कमेटी का बलॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

बलॉक अध्यक्ष बनने पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल तथा रामगढ़ के पूर्व बलॉक प्रमुख एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता लाखन सिंह नेगी ने दिनेश सिंह बोरा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। दिनेश सिंह बोरा ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिमेदारी सौंपी गई है उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट कर जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने के लिए कार्य किया जाएगा। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भी खुशी जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।



# सीआरएसटी इंटर कॉलेज के नौनिहालों ने किया पौधरोपण

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित सीआरएसटी इंटर कॉलेज के इंटरमीडिएट के छात्रों द्वारा मंगलवार को टांकी बैंड के पास पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सुरई, देवदार तथा बांज समेत बिभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे ने किया, उन्होंने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में प्रेरित किया और अधिक से अधिक पौधरोपण करने का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ.एस. एस. बिष्ट, गणेश दत्त लोहनी, रितेश साह और बिपिन कुमार सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे। यह अभियान रोटरी कलब के अध्यक्ष शैलेंद्र साह के सहयोग से संपन्न हुआ। अंत में यह संकल्प लिया गया कि छात्र समय.समय पर इन पौधों की देखभाल के लिए वहाँ जाएंगे ताकि ये स्वस्थ रूप से विकसित हो सकें। इस तरह यह अभियान विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और प्रकृति संरक्षण की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध हुआ।

# मिलावटखोरी के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा विभाग का विशेष अभियान

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशों के क्रम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा मंगलवार को नैनीताल नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं खाद्य नमूना संग्रहण अभियान चलाया।आगामी रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी पर्व को दृष्टिगत रखते हुए मिलावटखोरी पर प्रभावी रोकथाम तथा आम जनमानस को सुरक्षित शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ एवं मिठाइयां मुहैया कराने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान संचालित किया गया।अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा संबंधित नियमो/विनियमों के अंतर्गत नैनीताल के मल्लीताल एवं तल्लीताल क्षेत्र में लगभग एक दर्जन खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। नियमानुसार खाद्य पदार्थो के नमूने संग्रहित किए गए जिसमें खोया (खुला) मैसर्स अनुपम रेस्टोरेंट बड़ा बाजार मल्लीताल, नारियल बर्फी सरस्वती स्वीट हाउस मल्लीताल, तिल तेल मैसर्स गिरीश लाल शाह बड़ा बाजार मल्लीताल के साथ ही मल्लीताल क्षेत्र स्थित जीजीपी सनस एंड फैमिली के खाद्य प्रतिष्ठान के निरीक्षण के दौरान कालातीत खाद्य सामग्री पाए जाने पर नियमानुसार न्याय निर्णायक/ अपर जिलाधिकारी के न्यायालय में वाद दायर किया जाना प्रस्तावित है। निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण अभियान में सहायक आयुक्त/ अभिहित अधिकारी नैनीताल अजब सिंह रावत, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी हल्द्वानी/ नैनीताल सर्किल अभय कुमार सिंह सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम शामिल रही।



## NEWS / फटाफट

### द न्यू क्लब नैनीताल ने किया फैयर लाईट के समीप पौधरोपण

**नैनीताल ।** द न्यू क्लब नैनीताल द्वारा वृहद पौधरोपण अभियान के अन्तर्गत वृक्ष लगाओ-पर्यावरण बचाओ थीम पर बॉंस, तिलौंज, मोरपंखी, सुरई व देवदार आदि की पौधों का रोपण किया, जिसमें द न्यू कलब नैनीताल के सभी सदस्य उपस्थित थे। अभियान कलब के सचिव रितेश साह के मार्ग निर्देशन में आहूत किया गया तथा उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष क्लब द्वारा पौधरोपण किया जाता है तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। भविष्य में कलब द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु इस प्रकार का आयोजन किया जाता रहेगा। इस अवसर पर अमर जगाती, कमल जगाती, मुदित जगाती, मान्वेन्द्र हर्बोला, राजेश वर्मा, अरसी जमाल, उमेश त्रिपाठी, प्रभाकर जोशी, शिवराज सिंह, दिग्विजय साह व विरेन्द्र साह आदि रहे।

### प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने लोगों को पौधरोपण हेतु किया प्रेरित

**नैनीताल ।** उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान मंगलवार को 771वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 771वें दिन पर्यटक आवास गृह परिसर डीडीहाट में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में महेश दास, सुंदर गिरी तथा ललित कुमार उपस्थित रहे। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

### मॉल रोड पर भिड़े चार युवक, शांति भंग में कार्रवाई

**नैनीताल ।** नगर की मॉल रोड पर आपस में भिड़े युवकों के चलते हड़कंप मच गया। मारपीट कर रहे तीन युवकों को पुलिस ने शांति भंग में कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार होटल में काम करने वाले तीन युवकों की व्हाट्सएप ग्रुप में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। गुस्साए युवक लड़ने के लिए मॉलरोड पहुंच गए। मंगलवार को मॉलरोड इंडिया होटल के समीप वह आपस में ही भीड़ गए। देखते ही देखते तीनो में मारपीट हुई तो सड़क में भगदड़ मच गई। यह देख ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मी ने कोतवाली को मारपीट की सूचना दी। सूचना पर तल्लीताल कोतवाली से आई पुलिस चारों युवकों को तल्लीताल थाने ले गई। लेकिन युवक उसके बाद भी शांत नहीं हुए। पुलिस ने तीनों को हवालात कर दिया। एसएसआई विमल मिश्रा ने बताया कि सार्वजनिक स्थान पर मारपीट करने पर अल्मोड़ा निवासी सुमित कुमार, पंकज कुमार व रोशन के खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई की गई है।

### स्कूली बच्चे छाता पाकर हुए बेहद खुश

**नैनीताल ।** हिल ट्रैक सोसायटी फ ॉर एजुकेशन एनवायरनमेंट एंड एनर्जी के तत्वावधान में नैनीताल नगर की प्रमुख समाजसेवी व शिक्षाविद् व सेवानिवृत प्रधानाचार्या मोहन लाल साह बालिका इंटर कॉलेज रेखा त्रिवेदी द्वारा मंगलवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय ऑडिट रूम में सभी छात्र-छात्राओं को छाता वितरित की गई। इस अवसर पर रेखा त्रिवेदी ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें प्रतिदिन विद्यालय में उपस्थित रहने को कहा तथा कहा कि भविष्य में भी वह हिल ट्रैक समिति के माध्यम से विद्यालय की हर प्रकार से सहायता करने का हर संभव प्रयास करेंगी जिससे बच्चों की पढ़ाई आगे सही ढंग से चलती रहे तत्पश्चात कुमारी त्रिवेदी ने बच्चों को नाश्ता प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रोशन आरा, अध्यापिका ज्योति महाराज तथा समिति की फाउंडर मेंबर कुमारी अद्विका, चंपा व आलोक जोशी उपस्थित रहे।

### अयारपाटा वार्ड में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**नैनीताल ।** नगर के अयारपाटा वार्ड में मंगलवार को वार्ड के नगर पालिका परिषद के सभासद मनोज साह जगाती की विशेष पहल पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सभासद जगाती के मुताबिक शिविर में वार्ड के गर्नी हाउस के समीप स्टाबरी लौज क्षेत्र में लगाया गया जिसमें वार्ड के साथ ही अन्य क्षेत्रों के लोगों ने भी शिविर का हर संभव लाभ लिया। परीक्षण के बाद लोगों को नि:शुल्क दवा दी गयी तथा उचित जानकारियां दी गयी। शिविर में शुगर व बीपी के परीक्षण की व्यवस्था रही। चिकित्सक डा.गौरव सुंदरीयाल समेत नर्सिंग आफिसर नीमा बिष्ट,एएनएम बबीता ऐठानी समेत त्रिलोक चंद,मुस्कान जोशी व हेमा जोशी की टीम ने मरीजों का हर संभव उपचार किया।

# भीमताल से दूगशील मोटर मार्ग डामरीकरण के लिए हुए 72 लाख 36 हजार स्वीकृत

**धारी**

हमारे संवाददाता

**खुशी**

- जल्दी शुरू होगा डामरीकरण व सुधारीकरण का कार्य मंत्री कैड़ा

भीमताल विधानसभा के भीमताल ब्लॉक के भीमताल से दूगशील मोटर मार्ग खराब था जिस कारण ग्रामीणों, किसानों तथा पर्यटकों को अवागमन में काफी परेशानियों का समना करना पड़ रहा था, बरसात के दिनों ग्रामीणों को काफी परेशानिया होती थी ग्रामीणों ने मंत्री राम सिंह कैड़ा से मोटर मार्ग पर सुधारीकरण व डामरीकरण करने की मांग की।

मंत्री कैड़ा ने जनता की समस्याओं को देखते हुऐ लोनिवि विभाग के अधिकारियो से डीपीआर तैयार कर शासन को भेजनें को कहा था मंत्री कैड़ा ने भीमताल से दूगशील मोटर मार्ग पर डामरीकरणए सुधारीकरण के लिए 72 लाख 36 हजार स्वीकृति कर जिसका शासन से शासनादेश जारी करा दिया है मंत्री कैड़ा ने अधिकारियो से शीघ्र टैण्डर प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिये है। मंत्री कैड़ा ने कहा बरसात के बाद मोटर मार्ग पर डामरीकरण का कार्य किया जायेगा। मंत्री कैड़ा ने कहा भीमताल विधानसभा क्षेत्र के ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल बलॉक के क्षतिग्रस्त मोटर मार्गो पर लगातार डामरीकरण करने का कार्य किया जा रहा है।

क्षेत्र जी जनता ने मंत्री कैड़ा का आभार व्यक्त किया। मंत्री कैड़ा ने कहा प्रदेश की जनता की समस्याओं का समाधान हो इस दिशा में हमारी सरकार लगातार कार्य कर रही है। मंत्री कैड़ा ने मुखयमंत्री का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया।

## बादल और कोहरे के साथ सरोवर नगरी का मौसम रहा सुहावना

**नैनीताल।** सरोवर नगरी का मौसम मंगलवार को कोहरे और बादलों के बीच सुहावना बना रहा। हालांकि दोपहर में हल्की बूंदाबांदी हुई और ऊपरी क्षेत्रों में तेज पानी बरसा । नगर में बादल सुबह से आ डटे थे और कोहरे ने अलग से समा बांधा हुआ था। इस बीच नगर में खंड वृष्टि का मौसम देखने को मिला। तल्लीताल क्षेत्र में मामूली बांदाबांदी हुईए जबकि मल्लीताल क्षेत्र में कुछ देर तेज पानी बरसा।

बारिश का यह अपना अलग मिजाज देखने को मिला। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल मानसून सक्रीय है और आने वाले दिनों में भी हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी रहेगी। इधर नैनी झील का जलस्तर 87.5 फ ीट पर स्थिर रखा गया है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 25 व न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## अभिमत

# क्षतिपूर्ति या भरोसा

*युवाओं में जोखिम उठाने और नया करने की क्षमता होती है। कॉकरोच जनता पार्टी का विरोध प्रदर्शन चिकित्सा शिक्षा की प्रवेश परीक्षा 'नीट' के पेपर लीक के खिलाफ था, लेकिन इसे भविष्य में व्यवस्था के खिलाफ खतरे के तौर पर मंथन शुरु हो गया है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने छात्रों से सीधे संवाद में कहा कि अगर उनसे किसी पर आंख मूंदकर भरोसा करने को कहे तो वह जेन-जी पर करेंगे। यह भरोसा है अथवा युवाओं की नाराजगी की क्षतिपूर्ति का प्रयास?*

इतिहास गवाह है कि हर दौर में बदलाव युवा पीढ़ी करती रही है। युवाओं में जोखिम उठाने और नया करने की क्षमता होती है। कॉकरोच जनता पार्टी का विरोध प्रदर्शन चिकित्सा शिक्षा की प्रवेश परीक्षा 'नीट' के पेपर लीक के खिलाफ था, लेकिन इसे भविष्य में व्यवस्था के खिलाफ खतरे के तौर पर मंथन शुरु हो गया है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने छात्रों से सीधे संवाद में कहा कि अगर उनसे किसी पर आंख मूंदकर भरोसा करने को कहे तो वह जेन-जी पर करेंगे। यह भरोसा है अथवा युवाओं की नाराजगी की क्षतिपूर्ति का प्रयास? संघ प्रमुख ने सरकार को भी नसीहत दी कि युवाओं के प्रदर्शन को देश विरोधी नहीं कहा जाना चाहिए। दरअसल जंतर-मंतर पर युवा प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग किया गया। पूरे देश में आक्रोश भड़क गया और अंततः सरकार ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री से इस्तीफा लिया। छात्रों की मांगें मंजूर होने के बाद प्रदर्शन समाप्त हो गया, परन्तु आने वाले समय में युवाओं के आंदोलन से इन्कार नहीं किया जा सकता है। यह भी जाहिर हो गया है कि युवाओं में गुस्सा है। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने बेरोजगारी को लेकर देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दे दी है। संघ प्रमुख भागवत ने युवाओं को अपने साथ जोड़ने का प्रयास करते हुए कहा कि छात्रों की शिकायतें जायज हैं। भारत की शिक्षा व्यवस्था में बहुत कुछ किये जाने की जरूरत है। सरकार को छात्रों के साथ संवाद करना चाहिए। जेन-जी और जेन-अल्फा मौजूदा पीढ़ी से ज्यादा ईमानदार है। दरअसल जेन-जी ने दो देशों में सत्ता पलट दी। नेपाल में जेन-जी ने चुनाव में प्रचंड जीत के बाद सत्ता संभाल ली। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जेन-जी से भी आगे की बात कहते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र जेन-अल्फा पीढ़ी बनायेगी। नरेन्द्र मोदी और संघ प्रमुख भागवत को पता चल गया है कि युवा असंतुष्ट हैं। वर्ष 2014 में युवाओं के समर्थन से नरेन्द्र मोदी को सत्ता मिली थी। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जनहित और राष्ट्रहित में किये गये कार्यों की सूची बहुत लम्बी है। बेरोजगारी की समस्या का समाधान नहीं होने से युवा निराश है। उधर पेपर लीक, नकल माफिया और शिक्षा महंगी होने से छात्रों में आक्रोश पनप रहा है। संघ प्रमुख ने इसी लिए शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन करने और सस्ती तथा सर्वसुलभ शिक्षा का सुझाव सरकार को दिया है।

# कांग्रेस के खिलाफ सिख समाज व भाजपा का प्रदर्शन

## पुतला दहनः भाजपाइयों ने कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से कीइ माफी मांगने की मांग

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में दोषी ठहराए गए पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार के निधन के बाद कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने जिस प्रकार उनका महिमामंडन किया गया, उसको लेकर सिख समाज और भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। इसी को लेकर रुद्रपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं सिख समाज के लोगों ने कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस का पुतला फूंका। भाजपाइयों ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से माफी मांगने की मांग उठाई।



इस दौरान रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 1984 के सिख विरोधी दंगों के जख्म आज भी सिख समाज के दिलों में जिंदा हैं। जिन परिवारों ने अपने परिजनों को खोया, जिनके घर उजड़े और जिन्होंने उस भयावह दौर की पीड़ा झेली, उनके जख्मों पर मरहम लगाने के बजाय कांग्रेस के नेता सज्जन कुमार का महिमामंडन कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं के बयान यह बताने के लिए काफी हैं कि कांग्रेस की मानसिकता क्या है और वह सिख समाज के दर्द को लेकर कितनी संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सज्जन कुमार को अपना दोस्त और बड़ा भाई बताना, कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा उन्हें रोल मॉडल बताना और दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव द्वारा सज्जन कुमार की तारीफ में कसीदे पढ़ना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। को उजागर करते हैं। कांग्रेस देश को यह जवाब दे कि आखिर जिस व्यक्ति को 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में दोषी ठहराया गया, उसे कांग्रेस के नेता अपना दोस्त, बड़ा भाई और रोल मॉडल क्यों बताते रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लंबे शासनकाल में 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े मामलों में पीड़ित परिवार न्याय के लिए वर्षों तक संघर्ष करते रहे। कांग्रेस शासन के दौरान सज्जन कुमार के खिलाफ कार्रवाई में जिस प्रकार लंबा समय लगा, वह भी कांग्रेस की भूमिका पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की सरकारों ने दंगों के आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें राजनीतिक संरक्षण देने का काम किया और यही कारण है कि पीडति परिवारों को न्याय के लिए दशकों तक इंतजार करना पड़ा। कांग्रेस पार्टी को सिख समाज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। दर्जा मंत्री सुरेंद्र सिंह नामधारी ने कांग्रेस नेताओं के बयानों को सिख समाज के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा बताते हुए कहा कि 1984 की हिंसा को देश कभी नहीं भूल सकता। कांग्रेस को सिख समाज से माफी मांगनी चाहिए। दर्जा मंत्री रामपाल सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने सज्जन कुमार का महिमामंडन करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों ने 1984 में अपनों को खोया, उनके दर्द को कांग्रेस नेताओं को समझना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का इतिहास दंगों के आरोपियों के प्रति नरम रवैये से जुड़ा रहा है और यही कारण है कि पीड़ितों को न्याय के लिए वर्षों संघर्ष करना पड़ा। इस दौरान प्रदेश कार्यकारणी सदस्य अनिल चौहान, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, देवभूमि व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह,अमित नारंग, प्रीत ग्रोवर, किरण विर्क, बलविंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह,सुरेंद्र सिंह, मोर सिंह, सुनील चौहान, अक्षय गहलोत, राज कोली, मयंक कक्कड़ आदि शामिल रहे।

## रुद्रपुर में बारावफात जुलूस, समाजसेवी गाबा ने समर्थकों के साथ किया स्वागत

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर में बारावफात के अवसर पर सर्वधर्म एवं सर्वसमाज के युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने सामाजिक समरसता,आपसी भाईचारे और सद्भावना की मिसाल पेश की। बारावफात के जुलूस के दौरान विभिन्न समाजों के लोगों ने एकजुट होकर जुलूस का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।इस दौरान लोगों ने जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं का गर्मजोशी से अभिनंदन किया और एक-दूसरे को पर्व की बधाई दीं। पुष्प वर्षा के दौरान माहौल भाईचारे और सौहार्द से सराबोर नजर आया। युवाओं के साथ ही वरिष्ठ नागरिकों की सहभागिता ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश तनेजा ने कहा कि भारत की खूबसूरती उसकी विविधता में एकता और आपसी प्रेम में है। सभी धर्मों और समाजों के लोगों का एक-दूसरे के त्योहारों में सम्मानपूर्वक सहभागी बनना सामाजिक एकता को मजबूत करता है।समाजसेवी सुशील गाबा ने कहा कि आपसी भाईचारा, प्रेम और सद्भाव ही समाज को आगे ले जाने की सबसे बड़ी ताकत है।

# महापौर ने पर्यावरण मित्रों को वितरित किए रेनकोट

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

बरसात के मौसम में नगर निगम के पर्यावरण मित्रों को अपने कार्य के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो और वे सुरक्षित रहकर शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित कर सकें, इसके लिए नगर निगम की ओर से विशेष पहल की गई है।



जिसके तहत महापौर विकास शर्मा ने पर्यावरण मित्रों को रेनकोट वितरित किए। नगर निगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में महापौर विकास शर्मा एवं नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डेय ने पर्यावरण मित्रों को रेनकोट वितरित किए। पर्यावरण मित्रों ने भी नगर निगम की ओर से उनकी सुरक्षा एवं सुविधाओं का ध्यान रखे जाने पर आभार व्यक किया। महापौर ने कहा कि पर्यावरण मित्र नगर निगम परिवार का अभिन्न अंग हैं और शहर को स्वच्छ,सुंदर एवं स्वस्थ बनाए रखने में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। पर्यावरण मित्र प्रतिदिन सुबह से लेकर शाम तक शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पूरी मेहनत और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हैं। उनके अथक परिश्रम के कारण ही शहर की स्वच्छता व्यवस्था लगातार बेहतर हो रही है। पर्यावरण मित्रों का कार्य केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि वे शहर के स्वास्थ्य और स्वच्छ वातावरण की नींव को मजबूत करने का काम करते हैं। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में उनके योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ऐसे में उनकी सुरक्षा, सम्मान और सुविधाओं का ध्यान रखना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है।पर्यावरण मित्रों के हितों को प्राथमिकता दी है और आगे भी उनके हितों एवं सम्मान की रक्षा में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण मित्रों की मेहनत और जिम्मेदारी का ही परिणाम है कि नगर निगम रुद्रपुर स्वच्छता के क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।पर्यावरण मित्रों को आवश्यक सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराने के साथ ही उनके सम्मान और हितों से जु? विषयों पर भी लगातार कार्य किया जा रहा है।इस अवसर पर पार्षद संघ अध्यक्ष राजेश जग्गा, देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष सोनू मुल्तानी, संदीप गुम्बर सहित नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी एवं पर्यावरण मित्र मौजूद रहे।

## फिल्मी दुनिया

# इरुमुडी देख बेबी नक्षत्रा के फैन हुए धनुष




*फिल्म 'इरुमुडी' दर्शकों के साथ-साथ अब सेलेब्स को भी काफी पसंद आ रही है। अभिनेता धनुष ने फिल्म देखने के बाद बेबी नक्षत्रा की जमकर तारीफ की है। इसी बीच धनुष का एक वीडियो भी वायरल है।*

*रवि तेजा की हालिया रिलीज फिल्म 'इरुमुडी' बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई कर रही है। इसी बीच अभिनेता-निर्माता-निर्देशक धनुष ने फिल्म की चाइल्ड आर्टिस्ट बेबी नक्षत्रा के अभिनय की प्रशंसा की। धनुष ने हाल ही में फिल्म 'इरुमुडी' देखी। इसे देखकर वह फिल्म में रवि तेजा की बेटी का किरदार निभाने वाली नक्षत्रा की एक्टिंग से काफी प्रभावित हुए। इसके बाद धनुष ने फिल्म ने निर्देशक शिवा निर्वान को कॉल किया और नक्षत्रा की काफी तारीफ की। इसके बाद शिवा ने धनुष और नक्षत्रा के बीच एक वीडियो काल अरेंज की। इस बातचीत के दौरान धनुष ने नक्षत्रा के माता-पिता से उनकी बेटी की प्रशंसा की। धनुष ने नक्षत्रा से कहा कि वह उनसे एक्टिंग सीखना चाहते हैं। अंत में धनुष ने नक्षत्रा को भविष्य के लिए दुआ दी। नक्षत्रा के इंस्टाग्राम पेज पर पोस्ट किए गए इस वीडियो ने कुछ देर में ही फैंस का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया।*

## फिल्म इरुमुडी का कलेक्शन

*फिल्म इरुमुडी सिनेमाघरों में ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। फिल्म ने अब तक 75 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। फिल्म 21 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म में रवि तेजा, प्रिया भवानी शंकर, सई कुमार अहम किरदारों में है। फिल्म 21 अगस्त 2026 को फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।*

# यूपी के दो युवकों को किया गिरफ्तार एक तमंचा और दूसरे में एक चाकू बरामद

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। पुलिस ने दोनों की जामा तलाशी ली तो एक से तमंचा और दूसरे से चाकू बरामद किया। पुलिस दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक एसआई दीपक बहुगुणा टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे। पुलिस टीम काशीपुर रोड फ्लाईओवर के समीप पहुंची तो दो संदिग्ध दिखाई दिए। पुलिस नजदीक पहुंची तो दोनों पुलिस को देख भागने लगे। पुलिस टीम ने दोनों को घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में दोनों ने अपना नाम पता गणेश साहनी पुत्र मनोज साहनी निवासी सेठी कालोनी बिलासपुर रामपुर यूपी बताया। जबकि दूसरे ने प्रमोद साहनी पुत्र राम बालक साहनी बताया। पता दोनों का एक ही है। पुलिस ने गणेश साहनी से 12 बोर का तमंचा और प्रमोद से चाकू बरामद हुआ। एसएसआई खुशवंत सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस क्षेत्र में संदिग्धों पर नजर रखे हुए हैं।



# विधायक सरिता आर्या ने बढ़ाया एनसीसी कैंप स्थल का भ्रमण किया



**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

5 यूके नेवल यूनिट एनसीसी नैनीताल द्वारा आयोजित मेनू कैंप के नौवें दिन मंगलवार को कैडेट्स ने नैनी झील में 25 किलोमीटर की सेलिंग पूरी की। इसके साथ ही कैंप के 9 दिनों में कैडेट्स द्वारा अब तक 234.5 किलोमीटर की कुल सेलिंग पूरी की जा चुकी है।

दूसरी ओर मंगलवार को नैनीताल विधानसभा क्षेत्र की विधायक सरिता आर्या ने कैंप स्थल का भ्रमण किया और कैडेट्स से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कैडेट्स द्वारा किए जा रहे सेलिंग प्रशिक्षण एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी ली और उनके अनुशासन एवं उत्साह की सराहना की।कहा कि एनसीसी युवाओं को अनुशासन और नेतृत्व के साथ जीवन की कठिन परिस्थितियों का सामना करने का आत्मविश्वास प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि नैनी झील में लगातार लंबी दूरी तक सेलिंग करना अपने आप में चुनौतीपूर्ण कार्य है और कैडेट्स ने जिस धैर्य एवं अनुशासन के साथ इसे पूरा किया है वह सराहनीय है।कैंप के नौवें दिन कैडेट्स ने स्वच्छता अभियानष् के अंतर्गत नैनी झील में स्वच्छता अभियान चलाया। कैडेट्स ने झील एवं उसके आसपास से प्लास्टिक तथा अन्य कचरा एकत्र किया और लोगों को नैनी झील को स्वच्छ एवं प्लास्टिक.मुक्त रखने के लिए जागरूक किया।

इस दौरान कैंप के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन मृदुल शाह, एग्जीक्यूटिव ऑफिसर कमांडर राकेश रावत, चीफ इंस्ट्रक्टर अरविंद कुमार, पेटी ऑफि सर प्रशांत तोमर, चीफ पेटी ऑफिसर विक्रांत सिंह, अमर प्रधान, सनी कुमार, पेटी ऑफि सर दीपक कुमार व अनूप कुमार, दिव्या यादव, गणेश नयाल, कमलेश जोशी सहित प्रशिक्षकों व कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## News कॉर्नर

### तनाव में महिला ने निगली दर्द की कई गोलियां

**नैनीताल ।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में तनाव के बीच 31 वर्षीय महिला ने दर्द की कई गोलियां निगल लीं। कुछ देर बाद तबीयत बिगड़ने पर महिला ने परिजनों को दवा खाने की जानकारी दी। आनन-फानन में परिजन उसे बीडी पांडे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद उसे भर्ती कर लिया। घटना की सूचना पुलिस को भी दे दी गई है। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार मल्लीताल निवासी हेमा (31) ने तनाव की स्थिति में दर्द की कई गोलियां खा लीं। दवा का अधिक सेवन करने के कुछ समय बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। तबीयत खराब होने पर उसने परिजनों को बताया कि उसने दर्द की गोलियां खाई हैं। इसके बाद परिजन उसे तत्काल बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुंचे।बीडी पांडे अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.महिमन सिंह दुग्ताल ने बताया कि महिला की हालत दवा की ओवरडोज के कारण बिगड़ी थी। अस्पताल में महिला को भर्ती कर चिकित्सकीय निगरानी में उपचार दिया जा रहा है।

### सीएमओ डा.पंत ने स्वास्थ्य को लेकर सर्तक रहने के दिए निर्देश

**नैनीताल ।** मौसम में बदलाव के मद्देनजर सीजनल इन्फलूएंजा एवं श्वसन तंत्र संबंधी रोगों की संभावित वृद्धि को देखते हुए नैनीताल जिले की सीएमओ डॉ. रश्मि पंत ने सभी स्वास्थ्य संस्थानों को सतर्क रहने तथा आवश्यक दवाओं, ऑक्सीजन, चिकित्सा सामग्री एवं उपचार व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि बुखार, खांसी तथा गले में खराश, नाक बहना व बदन दर्द या सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षणों को नजरअंदाज न करें, पर्याप्त आराम एवं तरल पदार्थ लें तथा बिना चिकित्सकीय सलाह के एंटीबायोटिक न लें और गंभीर लक्षण होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय परामर्श लें।

# दमुवाढूंगा की ज्वेलरी शॉप से 95 हजार की सोने की चेन चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

दमुवाढूंगा में ज्वेलरी शॉप से हजारों रुपये कीमत की सोने की चेन चोरी होने के मामले का काठगोदाम पुलिस ने खुलासा कर दिया है। वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने कुंवरपुर रोड, बागजाला गौलापार क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई सोने की चेन और वारदात में प्रयुक्त ऑल्टो कार बरामद की है।

दमुवाढूंगा निवासी आभूषण कारोबारी ने कोतवाली काठगोदाम में तहरीर देकर बताया था कि उसकी जय कृष्णा ज्वेलर्स की दुकान पर दो अज्ञात युवक बिना नंबर प्लेट की कार से पहुंचे थे। मौका पाकर दोनों दुकान से करीब 95 हजार रुपये कीमत की गोल्ड चेन चोरी कर फरार हो गए। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। प्रभारी निरीक्षक काठगोदाम जसवीर चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की। फुटेज के साथ ही पुलिस ने अन्य माध्यमों से भी संदिग्धों की तलाश तेज कर दी। पुलिस की लगातार मेहनत के बाद कुंवरपुर रोड, बागजाला गौलापार क्षेत्र से हिमांशु मौर्य और अंतरिक्ष सागर निवासी जीतपुर नेगी, रामपुर रोड को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से चोरी की गई एक सोने की चेन तथा वारदात में प्रयुक्त ऑल्टो कार संख्या यूके 04एफ-1588 बरामद की है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक कुमकुम धानिक, उपनिरीक्षक भूपेंद्र सिंह मेहता, हेड कांस्टेबल शैलेंद्र राणा, हेड कांस्टेबल भुवन चंद और कांस्टेबल टीका राम शामिल रहे।



**खुलासा**

- बिना नंबर प्लेट की कार से पहुंचे थे चोर, सीसी टीवी फुटेज खंगालकर पुलिस ने गौलापार से दबोचा-चोरी की चेन और कार बरामद

# चीनी की बढ़ती कीमतों के विरोध में फीकी चाय पिलाकर किया विरोध

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

चीनी की बढ़ती कीमतों के विरोध की आंच अब हल्द्वानी तक पहुंच गई है। चीनी के दाम 60 रुपये प्रति किलो तक पहुंचने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने तिकोनिया चौराहे पर अनोखे अंदाज में सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने राहगीरों को फीकी चाय पिलाकर बढ़ती महंगाई के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। उनका आरोप है कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में राशन, तेल, चीनी समेत रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है।प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि चीनी वाली चाय आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा है, लेकिन महंगाई के कारण अब लोगों को फीकी चाय से ही काम चलाना पड़ रहा है। इसी संदेश को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहगीरों को फीकी चाय पिलाकर सरकार के खिलाफ अपना विरोध जताया। कांग्रेस ने सरकार से बढ़ती महंगाई पर तत्काल लगाम लगाने और आम जनता को राहत देने की मांग की।



# असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं अधिकारों पर कार्यशाला

**भीमताल**

हमारे संवाददाता

एक्शन एड द्वारा आज वाईएमसीए भीमताल में असंगठित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं अधिकारों को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उत्तराखंड के दूरस्थ क्षेत्रों से जन संगठनों के साथियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यशाला के प्रारंभ में हीरा जंगपांगी ने संदर्भ व्यक्ति एवं सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। इसके बाद संदर्भ व्यक्ति राजेंद्र, निर्माण यूनियनए देहरादूनद्ध द्वारा असंगठित श्रमिकों के लिए उपलबध विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं श्रमिक अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में विशेष रूप से पेंशन, आवास, राशन कार्ड तथा बीओसी डब्लू एक्ट के तहत पंजीकरण एवं उपलबध योजनाओं पर चर्चा की गई साथ ही असंगठित श्रमिकों के अधिकार, विभिन्न जनकल्याणकारी सरकारी योजनाएँ, हेल्पलाइन नंबर तथा श्रमिक सुविधा केंद्र द्वारा मुहैया कराई जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी साझा की गई। कार्यशाला में प्रमुख रूप से असंगठित क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों की वर्तमान स्थिति एवं चुनौतियाँ, निर्माण श्रमिकों के लिए उपलबध प्रमुख सरकारी योजनाएँ एवं कल्याणकारी सुविधाएँ, नए श्रम कानूनों की जानकारी तथा मजदूरों के जीवन और अधिकारों पर उनके प्रभाव, नए श्रम कानूनों से आए प्रमुख बदलाव,नए श्रम कानूनों की सकारात्मक पहलुओं पर चर्चा, संभावित कमियां, चुनौतियाँ एवं श्रमिकों के सामने आने वाली समस्याएँ, निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण एवं श्रमिक कार्ड से मिलने वाले लाभ,बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाएँ, महिला निर्माण श्रमिकों के लिए उपलबध सुविधाएँ एवं योजनाएँ, दुर्घटना एवं अन्य परिस्थितियों में श्रमिकों को मिलने वाली सहायता, सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेज तथा निर्माण श्रमिकों की योजनाओं की जानकारी समुदाय तक पहुँचाने तथा इन मुद्दों पर अभियान चलाने की संभावनाएँ के साथ ही कार्यशाला में यह भी चर्चा की गई कि श्रमिक सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपना पंजीकरण, श्रमिक कार्ड एवं आवश्यक दस्तावेज किस प्रकार तैयार रखें। महिला श्रमिकों की विशेष आवश्यकताओं दुर्घटना की स्थिति में सहायता तथा सामाजिक सुरक्षा तक उनकी पहुँच को मजबूत करने पर भी चर्चा हुई। कार्यशाला में खीमा, नीतू, धर्मेंद्र, बच्ची सिंह, राजेन्द्र जोशी कर्ण सिंह, उमा पानू, मीना, मंजू, गीता, सुनीता, विनोद, दिव्या एवं आफ ताब,ललित नरूली लीलावती, शराफ त अली, नूर अहमद, सद्दाम, दीपिका, ममता,प्रियांशी, निशा, मनमोहन मेहरा, मदन बिष्ट, प्रदीप कोठारी, नरेंद्र बंगारी, यशपाल आर्य, ममता बोरा, कमला बिष्ट, कमला देवी व यतीश पंत आदि उपस्थित रहे।

## ज्योलीकोट इलाके में बीमारियों का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकास खंड के तहत ज्योलीकोट इलाके में बीमारियों का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को ज्योलीकोट सहकारी समिति में लगाए गये शिविर में सामने आया कि इलाके में पीलिया और टाइफाइड तेजी से पांव पसार रहा है। शिविर में लगभग 70 लोगों की आवश्यक जांच, सलाह और दवाओं का वितरण किया गया। इस दौरान भीमताल विकास खंड के बलॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने शिविर का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य विभाग की टीम और मरीजों से मुलाकात करते कहा कि विभाग इलाके में फैल रही बीमारियों पर लगातार फ ोकस कर इलाज मुहैया कराए। शिविर में प्रातः से ही दूरदराज से आए लोगों की भीड़ लगी रही जिसमें हर आयु वर्ग के मरीज शामिल थे।


# कार्यालय सहायक अभियन्ता - तृतीय नलकूप, उपखण्ड कालाढूंगी (नैनीताल)

पत्रांक-231/सहा0अभि0तृती0/निविदा

दिनांक: 24.08.2026

## अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या: 08/ सहा0अभि0तृती0/2026-27

महामहिम राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों की मोहरबन्द निविदायें दिनांक 07.09. 2026 अपरान्ह 3.00 बजे तक पंजीकृत ठेकेदार से आंमत्रित की जाती है, जो उसी दिन 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी । निविदा प्रपत्र दिनांक 05.09.2026 की सायं 5.00 बजे तक बेची जायेगी । कार्य सम्बन्धी विवरण निविदा खोलने से पूर्व में किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक कार्यालय में देखा जा सकता है। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र एवं राष्ट्रीकृत बैंक की एफ0डी0आर0 के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड रामनगर के नाम बंधक होनी चाहिए मान्य होगी। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोह स्ताक्षरी का होगा। दरों की वैधता हेतु निविदा के साथ रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर 03 माह की वैधता हेतु रू0 1.00 के राजस्व टिकट में हस्ताक्षर कर लगाना होगा। निविदा आमंत्रण की तिथि से पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | मात्रा | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | फर्म / ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2 | Construction of Pump House & Stabilizer Room at Govt. State Tubewell Vill-Pataliya Block- Kotabagh, Nainital Under- State Sector. | Job | 11000.00 | 1000.00+GST 18% | 03 माह | सिविल में "डी0" या उच्चतर |
| 3 | Construction of Water Distribution System at Govt. State Tubewell Vill-Pataliya Block- Kotabagh, Nainital Under-State Sector. | Job | 15500.00 | 1000.00+GST 18% | 03 माह | |

सहायक अभियन्ता- तृतीय
नलकूप, उपखण्ड कालाढूंगी